सार-समाचार

पुरस्कृत शिक्षकों का समारोह आयोजित

बाड़मेर, (निसं)। बालोतरा व बाड़मेर जिले के राष्ट्रपति एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का दीपावली स्नेह मिलन व राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षकों का सम्मान समारोह रविवार को 11 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांधी चौक बाडमेर में आयोजित किया गया। पुरस्कृत शिक्षक फोरम बालोतरा-बाड़मेर के जिलाध्यक्ष सालगराम परिहार ने बताया कि बाडमेर जिले के 2023 के राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षक तथा बालोतरा एवं बाडमेर के 2024 में राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद बिश्नोई ने बताया कि इस दौरान उन राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का भी सम्मान किया जायेगा। जिन्होंने पुरस्कृत होने के बाद विद्यालय में शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्यों से नवाचार करते हुए शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर बंशीधर तातेड,कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी कृष्ण सिंह रानीगांव, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कमलसिंह स्टेट अवॉर्डी व अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार पुष्कर प्रदीप भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके साथ ही बालोतरा एवं बाडमेर जिले से राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षक भी भाग लेकर शैक्षिक नवाचारों पर चर्चा की और शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में एक दूसरे का सहयोग करने की चर्चा की गई।

मेघवाल समाज का कार्यक्रम हुआ

पाली, (नि.सं.)। राष्ट्रीय मेघवाल समाज संघ की पाली जिले की कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण समारोह रविवार को पाली मे आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र परमार ने बताया कि समारोह महामंडलेश्वर डॉक्टर ओम महाराज के सानिध्य मे आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मेघवाल समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रुपाराम धनदे पूर्व विधायक जैसलमेर व राष्ट्रीय महासचिव जोगाराम सोलंकी व नारायणलाल राठौड़ दिल्ली के द्वारा पाली जिले के नवयुक्त जिले के समस्त कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी एवं सदस्यों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का मंच संचालन मांगीलाल तंवर ने किया। अध्यक्ष सुरेन्द्र परमार कोसेलाव, महासचिव माधाराम मुछावत, अचलाराम, रमेश कुमार, मोतिलाल, मंशाराम हटेला, बाबल, बुधाराम, उपाध्यक्ष कपुरचंद तंवर, घेवरराम सोजत, रमेशकुमार, विरमाराम, अनिल कुमार, मुकनाराम, कोषाध्यक्ष नरिसंहराम, जिला प्रवक्ता पोकर सिंघल मांडावास, सदस्य वीरेन्द्र राठौड़, दलाराम, मनसाराम, मदन लाल, छोगाराम, मांगीलाल, प्रशांत मेघवाल, हीराराम, हिम्मताराम, नोपाराम, वजाराम, प्रकाश कुमार,रणजीत, मोहनलाल कार्यकारिणी में है।

महंत प्रतापपुरी ने जनसुनवाई की

पोकरण, (निसं)। पोकरण के क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने रविवार को विधायक जन संपर्क कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन के अभाव अभियोग सुनकर निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जन सुनवाई में पोकरण शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से बडी संख्या में ग्रामीण यहां पहुंचे तथा अपनी जनसमस्या विधायक के सामने रखी। कुछ जन समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की और से आमजन, छात्र, महिला, किसान प्रत्येक वर्ग के हित के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा हैं। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं से भी अवगत करवाया तथा आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी लेकर उनका लाभ अर्जित करने का आव्हान किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही हैं। जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोडा जा सके। हर घर नल योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण के घर पानी पहुंचे। उसके लिए कार्य किया जा रहा हैं। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

न्यायालय भवन का लोकार्पण आज

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिले में शनिवार को जैसलमेर जिला मुख्यालय पर स्थित नवनिर्मित एकीकृत न्यायालय भवन का लोकार्पण राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति मनीन्द्र मोहन श्रीवास्तव के द्वारा किये जाने के उपरांत निर्देशानुसार अब जैसलमेर जिला मुख्यालय पर स्थित सभी न्यायालय आज सोमवार 11 नवम्बर से श्रीलक्ष्मीचंद सांवल कॉलोनी की मुख्य रोड तनोट जोधपुर बाईपास पर नवनिर्मित एकीकृत न्यायालय भवन में संचालित होगें। जिला एवं सैशन न्यायाधीश पूरण कुमार शर्मा ने बताया कि इसलिए सभी अधिवक्ता व संबंधित पक्षकारान सोमवार, 11 नवम्बर से नवनिर्मित एकीकृत न्यायालय भवन में अपनी उपस्थित दें। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में समस्त अधिवक्तागण भी दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में अपने पक्षकारान को भी अवश्य ही यथा समय सूचित करने का कष्ट करें।

कुड़ी भगतासनी में शौचालय का लोकार्पण

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुड़ी भगतासनी सेक्टर 2 में भामाशाह लॉयन संत श्रीकांता रामावत द्वारा 2.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित शौचालय का फीता काटकर लोकार्पण किया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को स्वच्छ एवं शौच मुक्त बनाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान चलाया जो सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन का कारण बना है। हम सभी नागरिकों का कत्तर्व्य है कि अपने परिवेश एवं शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखें। पटेल ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा विद्यालय प्रशासन को अभिभावकों एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय करके जनसहयोग के माध्यम से विद्यालय में अवसंरचना विकास संबंधी कार्य करवाए।

रेडियोलॉजी विभाग की सी.एम.ई. हुई

जोधपुर, (कासं) । इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन और रेडियोलॉजी विभाग डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को होटल जॉन द बाइ पार्क में सीएमई यानी सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आनंद गुप्ता ने की। कार्यक्रम संयोजक व रेडियोलॉजी विभाग की एचओडी डॉ. कीर्ति चतुर्वेदी व डॉ. कुशल गहलोत ने बताया कि मुख्य अतिथि डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. बीएस जोधा थे । कार्यक्रम में हड्डी-जोड़ दर्द, मांसपेशियों की बीमारी के निदान व उपचार में सीटी, सोनोठाफी व एमआरआई के योगदान जैसे विषयों पर एक्सपर्ट पर चर्चा की गई।

मसूरिया बाबा मंदिर में अन्नकूट आज

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर में दिवाली के पश्चात मंदिरों में होने वाले अन्नकूट का आयोजन जोरो पर है । मसुरिया बाबा रामदेव मंदिर पर सोमवार को अन्नकूट का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर मन्दिर ट्रस्ट द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्री पीपा क्षत्रिय समस्त न्याति सभा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने बताया कि 11 नवंबर, सोमवार को मसूरिया बाबा रामदेव मंदिर मैं फूल मंडली एवं अन्नकूट का आयोजन रखा गया है। शाम 6:15 बजे आरती के बाद भक्तों में कच्ची प्रसादी का वितरण किया जाएगा। पक्की प्रसादी अगले दिन 12 नवंबर को दी जाएगी। साथ ही ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने सभी भक्तो से निवेदन किया है कि अन्नकूट की प्रसादी व अन्नकूट के दर्शन लाभ जरूर लें।

राम दरबार को अन्नकूट का भोग लगाया

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के विभिन्न मंदिरों में चल रहे अन्नकूट महोत्सव की कड़ी में रविवार को पानी दरवाजा स्थित चौक में वैष्णव रामावत समाज ने राम दरबार मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया। जहां भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान के आगे छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। शाम 7:00 बजे आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के जयप्रकाश भावा नंदी, मनोहर दास श्री राम, जितेंद्र वैष्णव, गणपत दास, चंद्र प्रकाश खेमाराम नरेंद्र अशोक संदीप समस्त वैष्णव रामावत समाज पंचायत सेवा समिति का सहयोग रहा।

दैनिक जन सुनवाई करने के निर्देश

बाड़मेर,(नि.सं.)। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी ने आमजन की समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को प्रतिदिन जन सुनवाई करने के निर्देश दिए है। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने बताया कि समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने कार्यालय में दैनिक जन सुनवाई का आयोजन कर परिवादियों को धैर्यपूर्वक सुनें। अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत ने इस दौरान परिवादियों को विभागीय स्तर पर क्या राहत और कितने दिनों में दिया जाना संभव है, उसके बारे में उनको स्पष्ट रूप से अवगत कराया जाएं।

मतदान केंद्रों पर मतदातओं के लिए विशेष शिविर लगाए

जालोर, (कासं)। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को जिले के समस्त मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर आयोजित कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म सं. 6 में, नाम हटवाने के लिए फार्म सं. 7 में तथा वर्तमान प्रविष्टि में संशोधन के लिए फार्म सं.-8 में आवेदन पत्र प्राप्त किए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप के गावंडे ने रविवार को जालोर विधानसभा क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने वालेरा तथा सिराणा सहित क्षेत्र के विभिन्न बूथों का आकस्मिक निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए। विशेष अभियान के तहत मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानान्तरण करवाने एवं वर्तमान में पंजीकृत मतदाताओ द्वारा अपनी प्रविष्टि में किसी प्रकार के संशोधन से संबंधित आवेदन लिए गए।

साथ ही इस अवसर पर वोटर हैल्पलाइन एप, आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल पर उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी भी दी गई।

जालोर कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे (मध्य) ने मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

इस दौरान उपखंड अधिकारी सायला सूरजभान विश्नोई सहित अन्य कार्मिक व बीएलओ उपस्थित रहे।

पाली संवाददाता के अनुसार : मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज माहेश्वरी भवन नाड़ी मोहल्ला में भाग संख्या 86-87-88 में बी एल ओ गौतम जोशी, अमृत जीनगर, अशोक चौधरी के साथ पूर्व पार्षद आमीन अली रंगरेज ने मतदाता सूची का निरीक्षण किया।

उन्होंने 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके नए मतदाता, संशोधन एवं स्थानांतरण के आवेदन जमा करवाये एवं ऑनलाइन की प्रक्रिया की जानकारी दी।

मतदाता सूची पुनरीक्षण का विशेष शिविर आज एवं 24 नवंबर को भी मतदान स्थल पर जारी रहेगा।

नगर पालिका कुड़ी भगतासनी में बैठक हुई

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में रविवार को नवनिर्मित नगर पालिका कुड़ी भगतासनी के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ऐतिहासिक बजट प्रदेशवासियों को समर्पित किया है। राज्य सरकार प्रदेश के समठा एवं सतत् विकास के लिए कृत संकल्पित है। इस बजट में कुड़ी भगतासनी को नवीन नगरपालिका, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नयन,नवीन उपखंड क्षेत्र विवेक विहार एवं सांगरिया में सैटलाइट अस्पताल सहित अनेकों सौगातें मिली है।

पटेल ने कहा कि हमारा लक्ष्य कुड़ी को आदर्श नगरपालिका के रूप में विकसित करना है।उन्होंने कहा कुड़ी में नवीन बस टर्मिनल बनाकर क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा पाली मारवाड़ इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के कारण यह क्षेत्र औद्योगिक हब बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा दिल्ली की उप नगरीय सीमा में नोएडा जैसे शहर विकल्प बनकर उभरे हैं उसी तर्ज पर कुड़ी भी जोधपुर का विकल्प बनकर उभरे। पटेल ने कहा कुड़ी क्षेत्र सघन आबादी वाला है, क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सैटलाइट अस्पताल सांगरिया में अवसंरचनात्मक विकास सुनिश्चित कर क्षेत्र का स्वास्थ्य ढांचा मजबूत किया जाएगा।

शिकायत निवारण केंद्र खोलने के निर्देश दिए

संसदीय कार्य मंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नवीन उपखंड कार्यालय एवं तहसील कार्यालय के भवन निर्माण के कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरपालिका के अधिकारियों को एकीकृत शिकायत निवारण केंद्र खोलने के निर्देश दिए। साथ ही जोधपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को संपूर्ण क्षेत्र में चरणबद्ध रूप से स्ट्रीट लाइट लगाने एवं उनके समुचित रख- रखाव के निर्देश दिए।

संसदीय कार्य मंत्री ने उपखंड अधिकारी को नियमित रूप से जनसुनवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में समुचित जलापूर्ति करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष चन्द्रलाल खावा, नगरपालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र मेवाड़ा, ओमप्रकाश बिश्नोई, किशोर वैरावत, राजेंद्र सिंह,उपखंड अधिकारी दक्षिण पंकज कुमार जैन, तहसीलदार कुड़ी श्रीमती कुटेन्द्र कंवर, जोधपुर विकास प्राधिकरण के अधिशाषी अभियन्ता दिलीप सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता मोहम्मद शरीफ, सहायक अभियंता डिस्कॉम गौतम चंद एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता बिंदुमती सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

मानव धर्म व सेवा से मनुष्य महान बनता : महंत प्रतापपुरी

पोकरण की भवानीपुरा स्थित सेवा बस्ती में विधायक प्रतापपुरी महाराज ने ऊनी वस्त्र बांटे। फोटो-राष्ट्रदूत

पोकरण, (निसं)। पोकरण शहर के भवानीपुरा स्थित सेवा बस्ती में निवास करने वाले जरूरतमंद लोगों को रविवार को विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने ऊनी वस्त्र व कपडे वितरण किए।

आगामी सर्दी के मौसम को देखते हुए विधायक ने इस तरह की पहल की। विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मानव सेवा,सेवा का उदात्त रूप है। इसके द्वारा हृदय पवित्र होता है। हृदय की पवित्रता ही व्यक्ति को महान बनाती है। मनुष्य मात्र उसी मात्रा में महान बनता है जिस मात्रा में वह मानव मात्र के कल्याण के लिए नि:स्वार्थ भाव से सेवा करता है, मानव धर्म को अपनाता है। आज तक जो लोग भी महान हुए, महापुरुष कहे और माने गये हैं। उन्होंने सेवा धर्म को ही नि:स्वार्थ भाव से अपनाया है। सेवा के माध्यम से ही व्यक्ति स्वयं के अंदर निहित धर्म तत्वों का बोध प्राप्त कर धर्मज्ञ हो जाता है, धर्मात्मा हो जाता है। उसके मनोविकार दूर हो जाते हैं।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पार्षद दिनेश व्यास, रमेश टावरी, जितेंद्र माली, हेमेंद्र व्यास, पार्षद प्रतिनिधि गंगाराम भील, सेवा भारती के सदस्य बंधु खत्री, जितेंद्र शर्मा, कांता प्रसाद गांधी सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों के लिए शिविर लगेंगे

पाली, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर और आसान बनाने के लिये लोक कल्याणकारी योजना की सोगात देने की घोषण की है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ज्योति प्रकाश अरोड़ा ने बताया कि आयुक्त एवं विशिष्ठ शासन सचिव, निदेशालय विशेष योग्यजन, जयपुर तथा जिला कलक्टर द्वारा प्रदत निर्देशो की पालना में इन अंग उपकरण वितरण से पूर्व दिव्यांगजनों का चिन्हिकरण किये जाने के लिए जिले के प्रत्येक ब्लॉक में शिविर लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शिविर 11 नवम्बर को राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, रेल्वे फाटक के पास, मारवाड़ जंक्शन व राजकीय अम्बेडर छात्रावास, बोया रोड, बाली में 12 नवम्बर को राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, हाउसिंग बोर्ड, सुमेरपुर में 13 नवम्बर को राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, आई.टी.आई के पास, रानी में 14 नवम्बर को राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, चारभुजा रोड, देसूरी में 15 नवम्बर को राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, श्रेणी स. कोर्ट रोड, निम्बली नाडी, सोजत में 17 नवम्बर को अम्बेडकर छात्रावास (ब/स), बापू नगर एवं पाली में 18 नवम्बर को राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, खाण्डी रोड, रोहट में आयोजित होंगे। कलैक्टर ने बताया कि अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक भ्रमण, निरीक्षण एवं रात्रि चौपाले करने के निर्देश दिए हैं।

पीपा क्षत्रिय समाज का सामूहिक विवाह 12 को, गणेश पूजन आज

जोधपुर, (कासं) । श्री समस्त पीपा क्षत्रिय समाज का 21 वां सामूहिक विवाह समारोह 12 नवंबर, मंगलवार कार्तिक सुदी ग्यारस तुलसा ग्यारस को राधाकृष्णन पुरम योजना प्रशासनिक भवन के सामने लहरिया रिसोर्ट के पास आयोजित होगा। समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

श्री समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति,ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि न्याति के तत्वावधान में यह 21वां सामूहिक विवाह समारोह है। इसको लेकर समाज के लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। इस बार 34 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इसी कड़ी में 11 नवंबर को प्रात: दस बजे समाज के लोगों की उपस्थिति में गणेश स्थापना तथा पूजन किया जाएगा।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल गोयल ने बताया कि सामूहिक विवाह के सभी कार्यक्रम दिन में आयोजित किये जायेंगे। उपाध्यक्ष लिखमाराम परिहार ने बताया कि सामूहिक विवाह की पत्रिका का घर घर जाकर वितरण कर दिया गया है। बारात 12 नवंबर को प्रात: 9 बाबा रामदेव रिसोर्ट से गाजे-बाजे के साथ रवाना होगी। इसमें वर पक्ष के लोग शामिल होकर विशाल बारात के साथ विवाह स्थल पहुंचेगे।

सवा ग्यारह बजे समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति कार्यकारिणी सदस्यों सहित कन्या पक्ष के परिजनों द्वारा बारात का स्वागत किया जाएगा।

उप सचिव अनोपचन्द चावड़ा ने बताया कि वरमाला की रस्म के बाद पाणिठाहण संस्कार का आयोजन होगा। सांय सवा चार बजे वर-वधू को समारोह पूर्वक विदाई दी जाएगी। इस सामूहिक विवाह समारोह में जोधपुर सहित बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा, पाली,पोकरण, नागौर, शेरगढ़, ब्यावर, अहमदाबाद, जयपुर ,चैनई , बैंगलोर के लोग शामिल होंगे। करीब आठ हजार लोगों के लिए सामूहिक भोजन की व्यवस्था रखी है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल गोयल, उपाध्यक्ष लिखमाराम परिहार, कोषाध्यक्ष डॉक्टर इंद्रमल गोयल, सहसचिव अनोपचन्द चावड़ा, उपकोषाध्यक्ष प्रेम कुमार चौहान , कार्यकारिणी सदस्य आज्ञा राम टांक, मोहनलाल सोलंकी,दिलीप सोलंकी, नरेंद्र कुमार सोलंकी,दुर्गाराम पंवार, सियाराम पंवार, गजेंद्र चौहान तथा पृथ्वीराज चौहान अलग अलग व्यवस्थाएं संभाले हुए हैं।

तेरापंथ परिषद् का कार्यक्रम हुआ

पाली, (नि.सं.)। युगप्रधान आचाय महाश्रमण के शिष्य मुनि सुमतिकुमार ठाणा 3 के सानिध्य तेरापंथ भवन में तेरापंथ युवक परिषद् पाली की सार संभाल महाभियान यात्रा का आयोजन किया गया।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के निर्देशन में सार संभाल यात्रा के दूसरे चरण के तहत मारवाड़ क्षेत्र की औद्योगिक नगरी पाली से शुरुआत हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा (चेन्नई) ने बताया कि 363 परिषदों के 50000 युवाओं को जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से जैन समाज के बच्चों - युवाओं को सेवा संस्कार संगठन का महत्व, साधु-संतों की विहार सेवा, कार्यशाला, साम्यिक साधना और धार्मिक कार्यों ,सामाजिक क्षेत्र में भी कार्य किया जाता है जैसे नेत्रदान रक्तदान जैसे कार्यो को नियोजित किया जाता है। राष्ट्रीय हॉस्टल सहप्रभारी व मारवाड़ यात्रा प्रभारी संदीप ओस्तवाल, नेत्रदान सहप्रभारी परिषद प्रभारी कैलाश तातेड, नेत्रदान राज्य प्रभारी रोशन नाहर, तरुण भंसाली, रोशन बागरेचा,गौतम छाजेड की गरिमामय उपस्थिति रही।

तेयुप पाली के अध्यक्ष विपिन बाठिया की अनुपस्थिति मे उपाध्याक्ष राजेश मरलेचा, मंत्री पीयूष चोपड़ा, सह मंत्री अरिहंत सुंदेचा सहित सहित जने आायोजनों के लिए संकल्पित हुए।

भीनमाल के नर्सिंग कर्मियों ने शहजाद का स्वागत किया

भीनमाल में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शहजान खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर का नर्सिंग कमियों ने स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जालोर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शहजाद खान का रविवार को उप जिला चिकित्सालय भीनमाल के नर्सिंग कर्मियों ने स्वागत किया।

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जालोर के जिलाध्यक्ष शहजाद खान के नियुक्त होने पर उप जिला चिकित्सालय भीनमाल के नर्सेज कर्मियों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं नर्सेज कर्मियों ने बताया कि शहजाद खान हमेशा नर्सेज कर्मियों की समस्या को लेकर आगे आते रहे हैं और वह हमेशा चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने को लेकर प्रेरित करते रहे। वही शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर जिला चिकित्सालय जालोर के नर्सेज के प्रति सेवा भाव व समर्पण को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। वही नर्सेज कर्मियों ने बताया कि शहजाद खान के जिलाध्यक्ष बनने से नर्सेज कर्मियों का संगठन मजबूत होगा तथा नर्सेज की समस्याओ का हल करने में पूर्ण सहयोग मिलेगा। शहजाद खान के जिला अध्यक्ष बनने पर भीनमाल के नर्सेज कर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया। वहीं शहजाद खान ने भीनमाल के नर्सेज कर्मियों का आभार जताया।

इस अवसर पर डा.मानवेंद्र सिंह, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर अजीत सिंह, बगदाराम चौहान, भगवती प्रसाद दवे, नर्सिंग ऑफिसर ललित कुमार जीनगर,सावलाराम, किशनाराम, नारायणलाल, सुजानाराम, चंपालाल, उत्तम कुमार , ओमप्रकाश, ओमप्रकाश जीनगर, रेखा, हितेश आदि मौजूद थे।

कन्हैया गौशाला में पूजन किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। राजस्थान गौ सेवा संघ द्वारा संचालित संत उद्धवदास कन्हैया गौशाला में गोपाष्ठमी पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

गौशाला के अध्यक्ष डॉ दाऊलाल शर्मा ने बताया कि गोपाष्ठमी पर्व गौ एवं गोपाल पूजन का पर्व हैं तथा भगवान श्री कृष्ण द्वारा इसी दिन से गौमाता के साथ विचरण तथा गौसेवा प्रारम्भ की गई थी शास्त्रों के अनुसार इस दिन गौमाता की पूजा एवं परिक्रमा करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता हैं। इन्हीं पौराणिक महत्व को ध्यान में रखकर गौशाला में गौपूजन को लेकर विशेष व्यवस्था की गई, जिससे दिन भर आने वाले गौभक्त पुरुषों एवं महिलाओं ने गौपूजन किया।

दोपहर 3 बजे परिसर में गौपुष्टी यज्ञ प्रारम्भ किया गया, जिसमें जोड़े सहित यजमान गौभक्तों ने आहुतियां दी। 5 बजे पूर्णाहूति में बाईरामजी मन्दिर के बाईजी, भगवान भारतीजी महाराज के सानिध्य में पण्डित द्वारा उपस्थित सभी गौभक्तों से आहुतियां दिलवाई गई। हवन कार्यक्रम के पश्चात् मुरलीधर खत्री द्वारा संत उद्धवदास वैष्णव की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवजित किया और माल्यार्पण किया गया। गौशाला में सामूहिक गौपूजन किया गया। गौमाता की आरती, गौमाता की परिक्रमा तथा गौरज को माथे पर लगाकर सर्वे भवन्तु सुखिन: का आहवान कर सभी देवी देवताओं को धारण करने वाली गौमाता के पैर छूकर आशीर्वाद लिया गया।

गौशाला परिसर में मिट्टी पर भव्य अखण्ड भारत की आकृति उकेरी गई। जिसमें भारत की नदियों, तीर्थों एवं मठों का अंकन किया गया।

भारत माता की आकृति नगर प्रचारक मनसुख, मनोहर खत्री, नरेश कुमार, दिनेश कुमार एवं महेन्द्र गंढरिया द्वारा बनाई गई तथा अखण्ड भारत का पूजन अतिथियों द्वारा किया गया। गौशाला में श्रीमती सोनिया भाटी एवं उनकी माता मीना द्वारा गौमाता एवं राधा-कृष्ण की अलौकिक रंगोली बनाई गई तथा श्रीमती नीता व्यास द्वारा भव्य रंगोली बनाई गई।

मंत्री पटेल ने जोधपुर जन सुनवाई की

जोधपुर, (कासं) । संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जोधपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित आवश्यक कार्यवाही कर आमजन राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।

मंत्री ने कहा दिसंबर में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पूर्व प्रदेश भर में इन्वेस्टर मीट से निवेश के अनुकूल वातावरण बना है । इस समिट से प्रदेश के औद्योगिक विकास के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सार्वजनिक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बजट घोषणा के कार्यों को शीघ्र आरम्भ करने एवं तय समय सीमा कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग के अधिकारियों को रास्ते में अतिक्रमण सहित प्रकरणों को समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

पटेल ने कहा प्रदेश सरकार का लक्ष्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करके उन्हें राहत प्रदान करना है। उन्होंने कहा अधिकारी जन सरोकार से जुड़े कार्य नियत समय में संपादित करें। उन्होंने कहा जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करके आमजन को राहत प्रदान की जा रही है।

सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल,पूर्व जिला प्रमुख पूनाराम चौधरी, जोगी देवी,तहसीलदार जोधपुर हरदीप सिंह, अधिशाषी अभियंता डिस्कॉम जयपाल सिंह चौधरी, सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिशाषी अभियंता मोहम्मद शरीफ, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता महेंद्र किराड़, जोधपुर विकास प्राधिकरण के अधिशाषी अभियंता महेंद्र व्यास सहित कई जने उपस्थित रहे।

विशेष शिविर लगे

बाड़मेर, (नि.सं.)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को मतदाता सूची में नाम, जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। निर्वाचन विभाग की राज्य स्तरीय टीम एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संपादित किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि संबंधित बीएलओ ने उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम, जोड़ने, हटाने एवं संशोधन से जुड़े कार्य संपादित करवाए।

आम सूचना हर आम व खास सूचित किया जाता है कि मेरे मुवकिल ओमप्रकाश पुत्र गवरारामजी निवासी रामपुरा कॉलोनी , जालोर की एक जायदाद मकान रामपुरा कॉलोनी गोडीजी मन्दिर के पास जालोर मे बनाय 1350 वर्गफीट की आई हुई है उक्त जायदाद का पट्टा पूर्व मे ग्राम पंचायत लेटा , जालोर द्वारा पट्टा संख्या 61,मिसल संख्या - 34/80-81 , दिनांक 04-08-1981 का बोगाराम पुत्र गवरारामजी के नाम से जारी किया तत्पश्चात् बोगाराम द्वारा उक्त वर्णित जायदाद को जरिये पंजीबद्ध बेचाननामा दिनांक 02-01-1986 मे ओमप्रकाश को बेच दिया गया तत्पश्